वर्ग पहेली

भारत की नदियों पर विशेष

संजय कुमार

संकेत

ऊपर से नीचे

2. अपने प्रदूषकों के कारण कौन सी नदी 'जैविक मरुस्थल' कहलाती है? (4)
3. बाण सागर बाँध इस नदी पर बना है। यह नदी अमरकंटक के शोषाकुण्ड नामक स्थान से निकलती है। (2)
5. एक नदी जिसे 'सिक्किम की जीवन रेखा' कहा जाता है। (2)
7. गुजरात का यह प्रसिद्ध शहर ताप्ती नदी के किनारे अवस्थित है। (3)
9. इस नदी का उद्गम-स्थल बंदर पूँछ के पश्चिमी ढाल पर स्थित यमुनोत्री हिमनद (उत्तरकाशी) है। मैदान में प्रवेश करने से पूर्व इसमें टोंस, गिरी तथा आसन नदियाँ मिलती हैं। (3)
10. अयोध्या इस नदी के किनारे अवस्थित है। (3)
11. गुजरात की माही नदी कर्क रेखा को कितनी बार काटती है? (1)
13. माताटीला (रानी लक्ष्मीबाई बाँध) और राजघाट बाँध इस नदी पर बने हैं। (3)
14. उत्तर प्रदेश में यमुना नदी के किनारे अवस्थित एक शहर जिसे श्रीकृष्ण की जन्मस्थली के रूप में जाना जाता है। (3)
15. भारत में बहने वाली सबसे लम्बी नदी। (2)
17. कटक किस नदी के किनारे अवस्थित है? (4)
18. नासिक, हरिद्वार और उज्जैन के अलावा इस स्थान पर भी कुम्भ मेले का आयोजन होता है। (5)
20. उत्तर प्रदेश में राप्ती नदी के किनारे अवस्थित एक शहर जो नेपाल के काफी निकट है। (5)
21. इलाहाबाद में स्थित संगम को कुल कितनी नदियों का मिलन-स्थल माना जाता है? (2)
24. यह नदी तीन बार दो धाराओं में विभक्त हो जाती है तथा कुछ मील आगे जाकर पुनः मिल जाती है और इस प्रकार श्रीरंगपट्टनम, शिवसमुद्रम और श्रीरंगम नामक नदी-द्वीपों का निर्माण करती है। (3)
25. उत्तराखण्ड के पिथौरागढ़ जिले में स्थित कालापानी नामक स्थान से निकलने वाली नदी शारदा का एक अन्य नाम। (2)

बांए से दाएं

1. मंजरा किस नदी की सहायक नदी है? (4)
4. इस नदी को छत्तीसगढ़ के 'बस्तर जिले की ऑक्सीजन' कहा जाता है। (4)
6. जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी, जिससे होकर झेलम नदी बहती है। (4)
8. महाराष्ट्र की एक नदी जिस पर भारत के अब तक के सबसे बड़े हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट का निर्माण हुआ है। (3)
10. गुजरात में नर्मदा नदी पर निर्मित एक बाँध। (4,4)
11. प्रत्येक वर्ष फरवरी माह की इस तारीख को 'विश्व नमभूमि दिवस' मनाया जाता है। (1)
12. वैदिक नदी अस्किनी की पहचान वर्तमान में किस नदी से की गई है? (3)
14. इस नदी की कुल लम्बाई 360 किमी है जिसमें से 324 किमी का भाग भारत में तथा 36 किमी का भाग बांग्लादेश में पड़ता है। (4)
16. जिम कॉर्बेट नेशनल पार्क से होकर प्रवाहित होने वाली नदी। (4)



18. यमुना नदी के किनारे अवस्थित उत्तर प्रदेश के इस जिले में लॉयन सफारी की शुरुआत की गई है। (3)
19. वैदिक नदी परुष्णी की पहचान वर्तमान में किस नदी से की गई है? (2)
22. नदियों के किनारे आयोजित होने वाले महाकुम्भ मेले का आयोजन निश्चित समयान्तराल पर कुल कितने स्थानों पर होता है? (2)
23. अमरकंटक से निकलने वाली यह नदी पश्चिम की ओर बहते हुए अरब सागर में गिरती है। (3)
24. चर्म उद्योग के लिए प्रसिद्ध उत्तर प्रदेश का यह शहर गंगा नदी के किनारे अवस्थित है। (4)
26. केरल की सबसे लम्बी नदी, जिसके नाम पर एक नेशनल पार्क का नामकरण भी किया गया है। (4)
27. विश्वविख्यात 'हावड़ा ब्रिज' किस नदी पर बना है? (3)

संपर्क सूत्र :
डॉ. संजय कुमार
ग्राम-जगदीशपुर, पोस्ट-बरावाँ, जिला-जौनपुर 222 143 (उ.प्र.)
[मो. : 09839343310;
ई-मेल : sanecc@gmail.com एवं sanjayecc@yahoo.co.in]

हल

1 गो	2 दा	व	री		3 सो			4 इ	न्द्रा	व	5 ती
	मो			6 श्री	न	ग	र				स्ता
	द		7 सू					8 को	9 य	ना	
10 स	र	दा	र	स	रो	व	र		मु		11 दो
र			त					12 चे	ना	ब	
यू		13 बे		14 म	हा	नं	दा				15 गं
		त		थु				16 रा	17 म	गं	गा
18 इ	टा	वा		19 रा	वी		20 गो		हा		
ला			21 ती			22 चा	र		23 न	र्म	दा
हा		24 का	न	पु	र		ख		दी		
बा		वे					पु				25 का
द		री		26 पे	रि	या	र		27 हु	ग	ली

(पृष्ठ 24 का शेषांश)

एक प्रमोचन के द्वारा अनेक उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने की घटनाएँ और रिकॉर्ड

अनेक देशों ने एक प्रमोचन रॉकेट के द्वारा अनेक उपग्रह प्रमोचित किये हैं। अब तक का विश्व रिकॉर्ड एक साथ 37 उपग्रहों के प्रमोचन का था तथा यह कार्य रूस ने वर्ष 2014 में अपने ड्नेपर रॉकेट से किया था। नासा का रिकॉर्ड 29 उपग्रहों के प्रमोचन का है जिसे उसने वर्ष 2013 में ऑर्बिटल साइंस कम्पनी के अन्टारेस रॉकेट की मदद से बनाया। इसके बाद वर्ष 2014 में एक अन्य उड़ान में अन्टारेस रॉकेट 34 क्यूबसैट उपग्रह अन्तर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन में ले गया तथा वहाँ से इन उपग्रहों को समयानुसार अंतरिक्ष में छोड़ा गया लेकिन इसे रिकॉर्ड श्रेणी में नहीं लिया जा सकता है क्योंकि इसमें उपग्रह रॉकेट द्वारा अंतरिक्ष में प्रमोचित नहीं किये गये थे। इसरो ने 22 जून 2016 को पीएसएलवी-सी 34 उड़ान द्वारा एक साथ 20 उपग्रहों का प्रमोचन किया था जिसमें भारत का कार्टोसैट-2 सी उपग्रह प्रमुख उपग्रह था। पीएसएलवी की इस उड़ान द्वारा इसने अपने ही बहु उपग्रह प्रमोचन के रिकॉर्ड को तोड़ा था जो उसने 28 अप्रैल 2008 को पीएसएलवी-सी 9 उड़ान से एक साथ 10 उपग्रह प्रमोचित करके बनाया था।

आखिर में इसरो ने 15 फरवरी 2017 को पीएसएलवी-सी 37 उड़ान के द्वारा एक साथ 104 उपग्रहों का प्रमोचन करके एक विश्व रिकॉर्ड कायम कर दिया है जो शायद आने वाले कई वर्षों तक अजेय रहेगा।

पीएसएलवी-सी 37 ऐतिहासिक मिशन से जुड़ी 10 खास बातें

इस मेगा मिशन के द्वारा इसरो ने एक विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यहाँ पर इस ऐतिहासिक मिशन से जुड़ी 10 बातें निम्न हैं:-

- इस मिशन का मुख्य उपग्रह 714 कि.ग्रा. का कार्टोसैट-2डी उपग्रह था जो इसी शृंखला के पूर्व प्रक्षेपित अन्य उपग्रहों की तरह ही है।
- इसरो के दो और 101 विदेशी अति सूक्ष्म (नैनो) उपग्रहों का भी प्रक्षेपण किया गया जो कुल मिलाकर 664 कि.ग्रा. के हैं।
- विदेशी उपग्रहों में 96 अमेरिका के तथा इज़राइल, कज़ाकिस्तान, नीदरलैण्ड, स्विट्ज़रलैण्ड और संयुक्त अरब अमीरात के एक-एक हैं।
- इसरो के इस मिशन में सैन फ्रान्सिस्को की एक कम्पनी के द्वारा निर्मित 88 छोटे उपग्रह प्रमोचित किये गए।
- भारत की ओर से विकसित ध्रुवीय उपग्रह प्रमोचन यान इसरो का सबसे विश्वस्त रॉकेट है। पीएसएलवी-सी 37 इस श्रेणी का 39 वाँ मिशन है।
- इसरो के चेयरमैन ए एस किरण कुमार ने बताया कि एक उपग्रह का भार 714 कि.ग्रा. है, जबकि बाकी दो का भार 18.1 कि.ग्रा. है।
- कार्टोसैट-2 शृंखला का उपग्रह पृथ्वी की निगरानी के इस्तेमाल में आएगा। इसके अलावा दो नैनो उपग्रह भी अंतरिक्ष की कक्षा में स्थापित किये गए।
- इसरो ने इस मिशन में सबसे भारी पीएसएलवी का इस्तेमाल किया है। पीएसएलवी का भार 320 टन तथा ऊँचाई 44.4 मीटर है।
- मिशन में भेजे गये 88 छोटे उपग्रहों का इस्तेमाल पृथ्वी की तस्वीरों को लेने के लिए किया जाएगा।
- इसरो का यह रॉकेट 15 मंजिली इमारत जितना ऊँचा है।

संपर्क सूत्र :
श्री काली शंकर, सेवा निवृत्त वरिष्ठ वैज्ञानिक इसरो
के-1058 ए, आशियाना कालोनी, कानपुर रोड, लखनऊ 226 012 (उ.प्र.)
[मो. : 09935793961;
ई-मेल : ksshukla@hotmail.com]